**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०**

**(राज्यपाल सूचना परिसर)**

-------

**राज्यपाल ने जनपद मीरजापुर में आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाने हेतु आंगनबाड़ी किट, टीबी मरीजों के लिए पोषण पोटली, दिव्यांग जनों के लिए श्रवण यंत्र, भूमि पट्टा तथा सरकार की अन्य विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए**

-------

**बच्चों को स्वस्थ व समृद्ध बनाने के लिए टीकाकरण कराने के साथ ही शिक्षित करने पर दिया बल**

-------

**टीबी मुक्त भारत और कुपोषण मुक्त समाज बनाने में सभी के योगदान की आवश्यकता पर दिया जोर**

-------

**राज्यपाल ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों के शैक्षिक किट के सदुपयोग की दिशा में प्रशिक्षण देने की बात कही**

-------

**जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाना है, जिससे सभी को समान अवसर प्राप्त हो सके**

-------

**वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त भारत बनाने की प्रधानमंत्री जी की मंशा को साकार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी के लक्षण व रोगियों की जांच कर उनकी पहचान व उपचार सुनिश्चित किया जाए**

**-राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

**-------**

**लखनऊ : 12 मार्च, 2025**

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद मीरजापुर के ग्राम पंचायत मवई कला में स्थित पंचशील महाविद्यालय में आयोजित भव्य कार्यक्रम में जनपद में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र/प्रशस्ति पत्र एवं स्वच्छता प्रतिष्ठान की चाभी, आवासीय एवं कृषि भूमि पट्टा आवंटन, प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाभी, आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए शैक्षिणक किट, दिव्यांगजनांे को ट्राइसाइकिल सहित एन0आर0एल0एम0 समूह की सखियों को रिवालविंग फंड का डेमो चेक, टीबी मरीजों के लिए पोषण पोटली तथा अन्य विभागीय योजनाओं से सम्बन्धित लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र व आंगनवाड़ी किट का वितरण किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाना है, जिससे सभी को समान अवसर मिल सके। उन्होंने एन0आर0एल0एम0 समूह की महिलाओं को बैंक सखी योजना के तहत वित्तीय प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिलाकर उन्हें अपनी कमाई से प्राप्त धनराशि के सदुपयोग के बारे में प्रशिक्षण दिलाने पर बल देते हुए कहा कि धन के सदुपयोग में महिलाएं सतर्क रहें। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि ऐसी महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाकर जागरूक किया जाए। यह कार्यक्रम वाराणसी में प्रारम्भ किया गया हैं, अधिकारियों को वाराणसी में जब प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाए तो वहां भेजकर दिखाएं, पुनः वही कार्यक्रम मीरजापुर में संचालित करें। उन्होंने कहा कि एन0आर0एल0एम0 के माध्यम से गांव की महिलाएं जो कभी घर से भी नहीं निकलती थीं, आज वे आत्मनिर्भर बनकर जीवन यापन कर रही हैं। महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए समाज के सभी बुद्धिजीवी लोग भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। राज्यपाल जी ने नवजात शिशुओं को स्वस्थ रखने के लिए मिशन इन्द्रधनुष अभियान पर बल देते हुए कहा कि सभी लोग अपने नवजात शिशुओं का टीकाकरण अवश्य

कराएं, ताकि वे आने वाली बीमारियों से बचें और स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि टीकाकरण का विरोध करने वाले व लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सी0डी0पी0ओ0 को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद मीरजापुर में 200 आंनबाड़ी केन्द्रों पर प्री स्कूल शैक्षिणक किट उपलब्ध कराया गया है। सी0डी0पी0ओ0 तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाकर इसके सदुपयोग तथा बच्चों के पठन पाठन के सम्बन्ध में जानकारी दे। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से कहा कि जो उन्हें सामान/आवास/किट उपलब्ध कराया जा रहा है, वे उसका सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि कृषि पट्टा व आवासीय पट्टा के अनुसूचित जाति के लाभार्थी यह सुनिश्चित करें कि जिसके लिए यह भूमि आवंटन किया गया है वे उसी कार्य में उसका उपयोग करें। उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों की सफलता की चर्चा करते हुए कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा गरीबों को पक्के मकान मिलने से उन्हें काफी राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि गांव का गरीब व्यक्ति जीवन भर मजदूरी आदि करके अपना जीवन यापन करता है, परन्तु रहने के लिए एक घर नहीं बना पाता, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास उनके लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष-2025 तक देश को टीबी मुक्त भारत बनाने की प्रधानमंत्री जी की मंशा को साकार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी के लक्षण व रोगियों की जांच कर उनकी पहचान व उपचार सुनिश्चित किया जाए। टीबी रोगियों को नियमित दवा खाने व पौष्टिक आहार के लिए दिए जाने वाले पोषण पोटली को नियमित रूप से सेवन करने के लिए बताएं तथा समय-समय पर यह भी जांच करें कि उसका सेवन किया जा रहा है अथवा नहीं, तभी भारत को टीबी मुक्त बनाया जा सकता हैं।

राज्यपाल जी ने ग्रीन आर्मी महिलाओं/सदस्यों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में तथा दूरस्थ/आदिवासी इलाको में व्याप्त नशा, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, दहेज आदि व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने की दिशा में जो कार्य किया जा रहा है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि ग्रीन आर्मी की महिलाओं को समाज की कुरीतियां व बुराइयों को दूर करने में पुलिस भी मदद करे, ग्रीन आर्मी की सदस्य व पदाधिकारी अपने नजदीकी पुलिस थाना व चौकी पर समन्वय स्थापित कर कार्य करें तो समाज में व्याप्त नशा व घरेलू हिंसा जैसी

घटनाओं पर रोक लगाते हुए लोगों के जीवन को उज्ज्वल बनाया जा सकता है। उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि गांव का प्रत्येक व्यक्ति भले वह मजदूरी करता हो अपने बच्चों को स्कूल भेजे तथा उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाए ताकि आगे चलकर वे रोजगार व स्वरोजगार से जुड़कर अपने आपको समाज की मुख्य धारा में ला सकें।

उन्होंने ग्रीन आर्मी के सदस्यों से कहा कि वे अपने गांव व आस पास के लोगों को जागरूक करते हुए बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि बच्चे समय से स्कूल जाएं। उन्होंने कहा कि समाज को ऊंच नीच, जाति व अन्य भेदभाव से मुक्त कराना भी आवश्यक है। इस कार्य में जात पात व ऊंच नीच के भेदभाव से ऊपर उठकर समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपना योगदान दे। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रयागराज में प्रत्येक जाति वर्ग के लोगों ने पहुंचकर एक ही साथ गंगा स्नान कर सामाजिक समरसता का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने बाल विकास परियोजना के तहत 10 आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्री स्कूल शैक्षिणक किट, जिला प्रोबेशन विभाग के द्वारा स्पांशरशिप योजना के तहत भिक्षावृत्ति से मुक्ति दिलाने के पश्चात 05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन के समूह की महिलाओं को 05 करोड़ 73 लाख का डेमो चेक एवं विद्युत सखियों व समूह सखी को प्रमाण पत्र वितरण, उद्यान विभाग के 05 लाभार्थियो को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत प्रमाण पत्र, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के 05 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की चाभी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एवं ओ0डी0ओ0पी0 वित्त पोषण योजना के 05 लाभार्थियो को प्रमाण पत्र व डेमो चेक, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजना के तहत 05 दिव्यांग बच्चों को श्रवण यंत्र, पंचायती राज विभाग के तहत ग्राम पंचायतो/ग्राम सभाओं में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 05 ग्राम प्रधानां को प्रशस्ति पत्र, क्षय रोग योजना के तहत 05 लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से पोषण पोटली किट वितरण, नेडा द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 05 लाभार्थियो को प्रमाण पत्र कौशल विकास योजना के तहत पी0एम0 विश्वकर्मा योजना के 05

लाभार्थियो तथा दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के 05 दिव्यांग लाभार्थियो को ट्राई साइकिल का वितरण महामहिम राज्यपाल महोदया के द्वारा किया गया।

केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं रसायन उरर्वक, श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले भारत सहित दुनिया के अन्य देशों में भी अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। आज हमारे बीच नारी शक्ति के रूप में राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी उपस्थित हैं। उनके द्वारा देश के कई महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर रहते हुए उत्कृष्ट कार्य किया गया है। उनके कार्यांे को देखते हुए देश की महिलाएं प्रेरणा लेती हैं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में प्रत्येक माह की 09 तारीख को गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है, जिसका महिलाएं अस्पतालों में उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

इस अवसर पर मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल श्री बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी श्री विशाल कुमार, पुलिस महानिरीक्षक श्री आर0पी0 सिंह, कुलपति श्रीमती शोभा गौड़, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य महानुभाव उपस्थित रहें।

----------

संपर्क सूत्र:
डॉ0 संगीता चौधरी
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080






माननीय राज्यपाल महोदया के कर कमलों द्वारा


माननीय राज्यपाल महोदया के कर कमलों द्वारा


माननीय राज्यपाल महोदया के कर कमलों द्वारा




माननीय राज्यपाल महोदया के कर कमलों द्वारा


माननीय राज्यपाल महोदया के कर कमलों द्वारा